एथिकल डायरेक्ट सेलिंग का पूर्ण सहयोग करेगी भारत सरकार

नई दिल्ली (एसएनबी)। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से शुक्रवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में 'डायरेक्ट सेलिंग-एम्पावरिंग एंटरप्रोन्योर्स ' नामक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में डायरेक्ट सेलिंग को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं व युवाओं की स्वरोजगार और आजीविका के साधनों में परोक्ष रूप से बढ़ोतरी करना है। कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने डायरेक्ट सेलिंग को स्वरोजगार का एक बड़ा माध्यम बताया साथ ही भारत सरकार की तरफ से भी उनके लिए समर्थनकारी नीतियों के निर्माण का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, 'डायरेक्ट सेलिंग से जुड़ी कंपनियों प्रयास उपभोक्ताओं के हित में उचित मूल्य पर गुणवत्ता भरे उत्पादों की बिक्री होनी चाहिये। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने घोषणा की कि आगामी आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कैट और डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन मिलकर दिल्ली के इंदिरा गांधी इन्डोर स्टेडियम में डायरेक्ट सेलिंग विराट महिला उद्यमी महासम्मेलन आयोजित करेंगे, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 25 हजार महिलाएं शामिल होंगी।